वोटिंग के दिन ही नतीजे

विप की 9 सीटों के लिए छह जुलाई को चुनाव

पालिटिकल रिपोर्टर | पटना

विधानपरिषद के विधानसभा कोटे की 9 सीटों के लिए 6 जुलाई को चुनाव होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विधायक कोटे से रिक्त हुई इन सीटों के लिए 18 जून को नोटिफिकेशन जारी होगा। नामांकन के लिए 25 जून अंतिम तारीख होगा। इसके अगले दिन 26 जून को स्क्रूटनी होगा। नामांकन वापसी के लिए 29 जून अंतिम तिथि होगी। यदि चुनाव की नौबत आयी तो 6 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चुनाव कराए जाएंगे। वोटों की गिनती 6 जुलाई को ही शाम पांच बजे होगी, नतीजे भी उसी दिन आएंगे।